आईआईएम ने शुरू की एग्जीक्यूटिव कोचिंग एंड एडवाइजरी सर्विसेंस

पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के प्रॉब्लम सॉल्व करेंगे प्रोफेसर्स

CB EXCLUSIVE

अनुराग सिंह. रायपुर

व्यक्तिगत प्रमोशन में दिक्कत आ रही है, बॉस के साथ जम नहीं रहा, बिजनेस में ग्रोथ नहीं हो पा रहा है। पर्सनल लाइफ या फिर प्रोफेशनल लाइफ में कोई दिक्कत आ रही है तो आप सीधे आईआईएम रायपुर के प्रोफेसर्स से डायरेक्ट संपर्क कर सकते हैं। वे आपको इन सभी प्रॉब्लम्स के लिए गाइडेंस देंगे। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) रायपुर में एग्जीक्यूटिव कोचिंग एंड एडवाइजरी सर्विसेंस की शुरुआत की गई है।

यह किसी भी आईआईएम में शुरू किया गया अपनी तरह की पहली सर्विस है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति आईआईएम रायपुर के प्रोफेसर्स से करियर, लीडरशिप, लाइफ, परफॉर्मेंस, बिजनेस जैसी किसी भी तरह की समस्या पर एक्सपर्ट गाइडेंस ले सकता है। एग्जीक्यूटिव कोचिंग एंड एडवाइजरी सर्विसेंस चेयरमैन डॉ. कमल के. जैन ने बताया कि समस्याओं के अनुसार अलग-अलग एक्सपर्ट इस पर काम करेंगे। इसके तहत कोई भी व्यक्ति माह में 30 से 60 मिनट के 4 सेशन एक्सपर्ट से ले सकेंगे।

6 लोगों की बनी कमिटी

एग्जीक्यूटिव कोचिंग एंड एडवाइजरी सर्विसेंस के लिए 6 लोगों की टीम बनाई गई है। इसमें आईआईएम के डायरेक्टर डॉ. राम कुमार काकाणी, डॉ. कमल के. जैन, निधि शर्मा, डॉ. प्रेम सिंह, उमेश शराफ, प्रो. एस राम कुमार, प्रो. पार्थसारथी बैनर्जी शामिल हैं। ये बिजनेस स्ट्रेटजी, ट्रेनिंग व प्लानिंग एक्सपर्ट, लीडरशिप कोच, फाइनेंशियल एक्सपर्ट, पॉलिसी एक्सपर्ट आदि के एक्सपर्ट हैं।

ऐसे कर सकते हैं संपर्क

आईआईएम के एक्सपर्ट से एडवाइस लेने के लिए आपको आईआईएम की वेबसाइट में जाना होगा। यहां आपको अपनी समस्या शेयर करनी होगी। इसके लिए अलग से सेक्शन बनाया गया है। अप्रोच करने के लिए संबंधित व्यक्ति को समस्या के बारे में एक ब्रीफ देना होगा। समस्या के आधार पर आपकी ओर से सबमिट की गई ब्रीफ उसके संबंधित एक्सपर्ट के पास रेफर की जाएगी। इसके बाद एक्सपर्ट फीडबैक, एडवाइस और मोरल व मेंटल सपोर्ट देंगे।

इन एरिया में एक्सपर्ट देंगे एडवाइज

करियर कोचिंग

करियर में बदलाव करने वाले कर्मचारियों को सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें उनके प्रोफेशनल डेवलपमेंट और नौकरी खोजने के लिए गाइडेंस दिया जाएगा।

लाइफ कोचिंग

इसमें स्वास्थ्य और फिटनेस, वित्त, करियर, रिश्ते और आध्यात्मिक विकास सहित जीवन के विभिन्न पहलुओं पर फोकस किया जाएगा।

ऑर्गनाइजेशन व बिजनेस कोचिंग

बिजनेस ऑनर और आंत्रप्रेन्योर्स को लक्ष्यों की पहचान करने, उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीति बनाने और संगठन के समग्र प्रदर्शन को बढ़ावा देने के संबंध में गाइडेंस दिया जाएगा।

परफॉर्मेंस कोचिंग

संगठनों के भीतर उन लोगों को कोचिंग प्रदान किया जाएगा, जिन्हें अपने कार्य प्रदर्शन में सुधार करने की आवश्यकता है।

लीडरशिप कोचिंग

उन लोगों के लिए कोचिंग दी जाएगी, जो नेतृत्व कौशल विकसित करना चाहते हैं, भले ही वे व्यक्तिगत योगदानकर्ता, प्रबंधक या वरिष्ठ प्रबंधक हों।

Dainik Bhasker, 23rd May 2024,p. 4